# आईएएस ने पत्नी के नाम, तो थाना प्रभारी ने सास के नाम पर ली जमीन

## प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शाजापुर से कमाया और शाजापुर में ही इन्वेस्ट किया

**शाजापुर, 17 अगस्त. शाजापुर जिला अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार के चारागाह से कम नहीं है. क्योंकि नेता शरणम गच्छामि हैं. जनता को लेना-देना नहीं है. यही कारण है कि जो अधिकारी शाजापुर आता है, वो यहां से जाने की इच्छा नहीं रखता है. शाजापुर जिले के दो पूर्व आईएएस अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में शाजापुर में गगनचुम्बी शासकीय योजनाओं में भ्रष्टाचार किया और लोगों ने उनकी विदाई ईमानदार अधिकारी के रूप में की. उनकी ईमानदारी का प्रमाण अब उनके द्वारा ली गई लाखों रुपए की जमीन इन्वेस्टमेंट के रूप में नजर आ रही है. तो एक थाना प्रभारी भी ऐसे हैं, जिन्होंने जिस थाने में पदस्थ थे, उसमें उन्होंने ऐसी वसूली की कि उन्होंने अपनी सास के नाम से लाखों की जमीन खरीद ली. हालांकि उनके नामांतरण पर रोक लग गई है.**

गौरतलब है कि शाजापुर जिले के एक पूर्व कलेक्टर और एक पूर्व आईएएस अधिकारी ने लाखों रुपए की कृषि जमीन खरीदी. ये दोनों अधिकारी प्रदेश के एक संभाग के आयुक्त भी रह चुके हैं. रातों रात जमीनों का डायवर्शन और रजिस्ट्री की गई. आज दोनों के पास शाजापुर में लाखों रुपए की सम्पत्ति है. अब सवाल यह उठता है कि ये अधिकारी जब इंदौर-भोपाल में निवास करते हैं, तो शाजापुर में इन्वेस्ट क्यों. खास बात यह है कि शासकीय योजनाओं से भ्रष्टाचार के जरिये जो पैसा शाजापुर में कमाया था, उसको यहीं इन्वेस्ट कर दिया. तो वहीं शाजापुर के एक थाने में पदस्थ एक थाना प्रभारी ने दो कदम आगे रखते हुए जिस थाने में पदस्थ थे, वहीं पांच बीघा जमीन लेकर सास के नाम रजिस्ट्री करवा दी. जमीन में हालांकि विवाद नजर आया, तो कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति दर्ज की और तहसील में इनका नामांतरण अभी सुनवाई में चल रहा है. अब सवाल यह उठता है कि थाना प्रभारी के पास इतना पैसा कहां से आया कि उन्होंने एक-डेढ़ साल जिस थाने में अपनी नौकरी की, वहीं उन्होंने लाखों की जमीन ले ली.

### जिस थाने में रहे, वहीं खरीद ली जमीन

शाजापुर जिले के वर्तमान थाना प्रभारी मलाईदार थाने में पदस्थ थे, तो उन्होंने जुएं-सट्टे और अन्य सोर्स से जो वसूली की थी, उसके बदले उन्होंने अपनी सास के नाम पर लगभग 5 से 10 बीघा जमीन खरीदी और अब वे उसी थानांतर्गत क्षेत्र के कृषक दामाद बन गए हैं. हालांकि उनकी जमीन पर अभी नामांतरण को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है. सवाल यह उठता है कि ऐसा कितना पैसा इस थाने से उन्होंने कमाया मात्र डेढ़ साल में कि उन्होंने लाखों रुपए की जमीन खरीद ली.

### कोविड के बाद ही खरीदी गई जमीन

जब पूरा देश कोविड से जूझ रहा था, उस समय शाजापुर के दो पूर्व आईएएस अधिकारी कोविड के भ्रष्टाचार से हुई इनकम को इन्वेस्ट करने का प्लान बना रहे थे. कोविड की पहली लहर में इन पूर्व आईएएस अधिकारी ने महज दो दिन में डायवर्शन कराकर जमीन अपने परिवार के नाम पर क्रय कर ली. इसी प्रकार हाल ही में विधानसभा चुनाव के दौरान जो थाना प्रभारी अपने थाने पर पदस्थ था. जब पूरा प्रदेश और जिला चुनाव में व्यस्त था, तब थाना प्रभारी जमीन खरीदने में व्यस्त थे. आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए हैं, इसलिए अब उनसे कौन पूछेगा कि उन्होंने शाजापुर जिले में जमीन खरीदने के पहले अनुमति ली या नहीं. हालांकि थाना प्रभारी अभी भी शाजापुर जिले में पदस्थ हैं और उनकी यह जमीन अब विवाद में पड़ती नजर आ रही है.

### किसी ने पत्नी के नाम, तो किसी ने सास के नाम किया इन्वेस्ट

यूं तो सरकारी अधिकारी को सम्पत्ति लेने के लिए शासन से अनुमति लेना पड़ती है, लेकिन इससे बचने के लिए भी अधिकारियों ने रास्ता निकाल रखा है. परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से सम्पत्ति ले लो, तो अनुमति की आवश्यकता नहीं. शाजापुर के एक पूर्व आईएएस अधिकारी जो प्रदेश के एक संभाग में आयुक्त रहे, उन्होंने लाखों की जमीन लेकर उसे व्यवसायिक कर दिया. आज उन्हें इस जमीन से हर महीने लाखों रुपए की कमाई हो रही है. यहां तक कि अधिकारी ने अपने रसूख का दुरुपयोग करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ भी अपनी जमीन पर बने उपक्रम पर लिया. और शासकीय योजनाओं के तहत यदि उनके उपक्रमों का भुगतान जरा भी विलंब से होता, तो वे अपने आईएएस के पद का दबाव बनाकर तत्काल शाजापुर जिले में उसका भुगतान करवा लेते. ये भी एक संयोग है कि जिन दो आईएएस अधिकारियों ने शाजापुर में इन्वेस्ट किया, वे प्रदेश के एक ही संभाग में रहे हैं.

## एक नजर में

### राठौड़ को किया सम्मानित




**शाजापुर, 17 अगस्त.** स्टेडियम मैदान पर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर ऋजु बाफना, विधायक अरूण भीमावद तथा पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत द्वारा प्रबंधक सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित शाजापुर देवीसिंह राठौड को सम्मानित किया गया. उन्हें यह सम्मान इस वर्ष रबी विपणन कार्य में शत प्रतिशत उपार्जित गेहूं को जमा कर कृषकों को समय सीमा में भुगतान कराने के लिए दिया गया.

### दुधाना सरपंच ने 1000 बहनों को नि:शुल्क साड़ी वितरित की



**मोहन बड़ोदिया, 17 अगस्त.** मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दुधाना के सरपंच एवं राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत दुधाना में विशाल कार्यक्रम आयोजित कर समस्त माताओं, बहनों के सम्मान में रक्षाबंधन के आठ दिवसीय पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी पर एक हजार माताओं, बहनों को नि:शुल्क साड़ी का वितरण किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम पंडित नित्यप्रकाश शर्मा द्वारा पूजन अर्चन करवाया गया. इसके उपरांत ग्राम पंचायत के सरपंच ने गुलाब के पुष्पों से पुष्पवर्षा कर समस्त माता बहनों का सम्मान किया. तत्पश्चात सरपंच ने स्वयं के अपने निजी खर्च से अपनी ओर से उपस्थित ग्राम पंचायत दुधाना की सभी माताओं, बहनों को साड़ी वितरित कर सरपंच राकेश जायसवाल ने धर्म लाभ प्राप्त किया. श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत सरपंच एवं राष्ट्रीय सरपंच संघ जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल द्वारा आयोजित नि:शुल्क साड़ी वितरित कार्यक्रम में माताएं और बहनों ने बड़ी संख्या मे पधारकर सरपंच राकेश जायसवाल को प्रेम स्नेह और राखी बांधकर सरपंच को आशीर्वाद दिया. कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र सिंह राजपूत ने किया. इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के युवा, ग्रामीण और माता बहने मौजूद रही.

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु




**मोहन बड़ोदिया, 17 अगस्त.** शनिवार को दशहरा उत्सव समिति मोहन बड़ोदिया के तत्वाधान में फूलचंद चौराहे पर विशाल श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में दुर्गावाहिनी की बहनों ने सामूहिक राष्ट्रगान करवाया. इसके उपरांत अतिथियों का परिचय गिरीराज पंडित ने करवाया. बता दें, अतिथियों में ग्राम टिकोन के शिवनारायण आचार्य, मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, दाऊजी मंदिर के पुजारी जुगल किशोर जोशी, श्रीकृष्ण मंदिर के पुजारी सुरेश चंद्र शर्मा, ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया की सरपंच श्रीमती प्रतिज्ञा नारायण पाटीदार मंचासिन रही. अतिथियों के स्वागत सम्मान के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई. मथुरा, वृंदावन व काशी राजस्थान के कलाकारों द्वारा भव्य शाम 7 से रात 12 बजे तक प्रस्तुति दी. वहीं शनिवार को मंदिरों में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ने लगी. श्रीकृष्ण मंदिर, दाऊजी मंदिर, जगदीश मंदिर सहित मोहन बड़ोदिया समस्त मंदिरों में रात्रि 12 बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और भगवान के मनमोहक रूप के दर्शन कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया.

### पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ

**शुजालपुर, 17 अगस्त.** क्षेत्र के ग्राम भ्याना जादोपुर बूथ क्रमांक 172 पर भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई. पूर्व मंडल अध्यक्ष परशराम धनगर ने कुशाभाऊ ठाकरे व अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा संगठन व देश हित में किए गए उनके कार्यो का उल्लेख किया. इस अवसर पर सरपंच अम्बाराम देशवाली, भगतसिंह धनगर, हिम्मत सिंह धनगर, सचिन धनगर, मुंशीलाल कटारिया, मानसिंह सुर्यवंशी आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे.

# नरेश के लिए जरीब नहीं खींच पाए पटवारी

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

आखिरकार कांग्रेस जिला सुप्रीमो की ताजपोशी पर जो कयास लगाए जा रहे थे, वे सच साबित हुए. संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष की दावेदारी में कई नाम थे, लेकिन दूसरी बार कमान नरेश्वर प्रताप को मिली. हालांकि जिले की राजनीति में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी से उम्मीद थी उनके समर्थक नरेश कप्तान को. कि पटवारी अपने कप्तान के लिए जिलाध्यक्ष की जरीब खींचेंगे. लेकिन पटवारी के हल्के पर नरेश्वर प्रताप ने सीमांकन कर दिया. यूं तो कई दावेदार थे, लेकिन जिला कांग्रेस संगठन में नए सीमांकन के बाद अब दावेदार भी पुरानी ही राह पर संगठन को कोसते नजर आएंगे. इस बार संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने जो बिसात बिछाई थी, उसे देखकर ऐसा लग रहा था कि इस बार कुछ नया देखने को मिलेगा. एक समय ऐसा भी था, जब शुजालपुर के गजेंद्र सिसौदिया भी जिला सुप्रीमो की कुर्सी के नजदीक थे, लेकिन राजनीति में कब पासा पलट जाए, कह नहीं सकते हैं. आखिरकार नरेश्वर प्रताप ने दूसरी बार जिला संगठन का ऐसा सीमांकन किया कि पटवारी भी अपने समर्थक के लिए अध्यक्ष की कुर्सी की जरीब नहीं डाल पाए. यूं तो कांग्रेस में भी कई हल्के हैं, जो अपनी-अपनी जरीब डालकर अपने-अपने हल्के की बुआई कर रहे हैं. नरेश्वर प्रताप सिकरवार हल्के के माने जाते हैं, लेकिन उनके लिए सीमांकन कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने किया. पर्दे के पीछे पूर्व विधायक हुकुमसिंह कराड़ा भी नरेश्वर प्रताप के साथ रहे और जिले के अन्य वरिष्ठ नेता भी उनके साथ ही थे. क्योंकि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता नरेश की कप्तानी में खेलना नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने नरेश्वर प्रताप की कप्तानी स्वीकार की.

**इधर राजपूत, तो उधर ब्राह्मण को कमान**

जहां भाजपा ने ब्राह्मण को पहली बार अध्यक्ष बनाया, तो कांग्रेस ने चौथी बार राजपूत समाज को अपना मुखिया चुना. अजा-अजजा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग केवल अब दोनों ही दलों के लिए वोट बैंक तक सीमित होकर रह गया है. हालांकि कांग्रेस में एक समय जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक वर्ग से बनाने की मांग उठी थी, लेकिन ये मांग कम और औपचारिकता ज्यादा थी. अब देखना है कि विधानसभा चुनाव में दोनों ही राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष अपने-अपने दल के लिए अपने-अपने समाज का कितना फायदा पार्टी को दिलवा पाते हैं.


**सरकार के हिसाब से देश प्रेम**

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी यूं तो पूरे देश का पर्व है, लेकिन इस पर्व पर भी राजनीति देखने को मिलती है. जब प्रदेश में भाजपा की सरकार होती है, तो इन राष्ट्रीय पर्वों पर कांग्रेसी नदारद रहते हैं और यदि कांग्रेस की सरकार रहती है, तो कई भाजपाई नदारद रहते हैं. ऐसा लगता है कि देश प्रेम और राष्ट्रीय पर्व भी सरकार के हिसाब से तय हो गए हैं. जब कांग्रेस सरकार हुआ करती थी, तो मुख्य कार्यक्रम में आगे की कुर्सियां कांग्रेसियों से भरी रहती थी, लेकिन अब इन कुर्सियों पर भाजपाईयों ने जगह ले ली है.

**अंत में...**

बस्ती में तुम खूब सियासत करो,
बस बस्ती की आवाज उठाओ तो जानें

# राजेश पारछे बने निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रतिनिधि



**शाजापुर, 17 अगस्त. शाजापुर के सबसे लंबे समय तक पार्षद रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश पारछे को प्रदेश कांग्रेस द्वारा शाजापुर जिला निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है.**

वे जिला निर्वाचन कार्यालय के समक्ष तथ्यात्मक तरीके से जिले में मतदाता सूची, ईवीएम से संबंधित कार्य एवं बैठकों में शामिल होकर कांग्रेस का पक्ष रखेंगे. वहीं दूसरी और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेश्वर प्रताप और राजेश पारछे का स्वागत बस स्टैंड पर जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया. इस अवसर पर रामवीरसिंह सिकवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान, नगर पालिका में प्रतिपक्ष नेता अजीज मंसूरी, अशफाक खान मौजूद थे.

# रात 12 बजते ही गूंजा हरे कृष्ण हरे रामा, मंदिरों में झूमे श्रद्धालु



**मक्सी में जन्माष्टमी पर हुआ भव्य आयोजन**

**दही हांडी फोड़ने में बजरंग अखाड़ा टीम रही विजेता**

**मक्सी, 17 अगस्त. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मक्सी नगर में हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया. रात के ठीक 12 बजे मंदिरों के पट खोले गए और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...के गगनभेदी जयघोष से पूरा शहर कृष्णमय हो उठा. श्रद्धालुओं ने रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर अभिषेक किया.**

बाल स्वरूप में प्रकट हुए नंदलाल का दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया. मंदिरों में हरे कृष्णा, हरे रामा के संकीर्तन और भजन संध्याओं ने भक्तों को भावविभोर कर दिया. नगर के नया बाजार क्षेत्र में आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में बच्चों और गोविंदाओं की टोलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. खास आकर्षण रही बजरंग मोहल्ला की गोविंदा टोली, जिसने पहले ही प्रयास में मटकी फोड़कर जीत हासिल की. आयोजन समिति द्वारा विजेता टीम बजरंग अखाड़ा मक्सी टीम राजू लावरे को 5100 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया. इसी प्रकार नगर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में रातभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही, सभी मंदिरों को फूलों, झालरों और रंगीन रोशनी से सजाया गया था.

# आज मक्सी होगा शिवमय, निकलेगी भव्य शाही सवारी

## बाबा मारकंडेश्वर महादेव प्रजा का हाल जानने करेंगे नगर भ्रमण

**मक्सी, 17 अगस्त. सोमवार को मक्सी नगर में आस्था और भक्ति का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा, जब राजाधिराज बाबा मारकंडेश्वर महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी. पूरा नगर बाबा की आगवानी के लिए उत्साहित है. नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है.**



शाही सवारी में कई धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी. बाबा की बारात, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्तियां, भव्य अखाड़ा प्रदर्शन तथा सुंदर सजी हुई पालकी में बाबा का नगर आगमन होगा. नगर की गलियों में पुष्प वर्षा कर श्रद्धालु बाबा का स्वागत करेंगे. भक्ति के साथ-साथ सेवा भावना का भी परिचय देते हुए नगर में अनेक स्थानों पर भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं. प्रमुख भंडारे कुंडी चौक यादव समाज द्वारा हलवा, गणपत बड़े द्वार बाबा बर्फानी ग्रुप द्वारा चाय, मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा पोहा, सिंधिया मार्केट व्यापारीगण द्वारा शीतल जल, महाकाल ग्रुप इंडियन गैस के पास द्वारा छाछ वितरण, भदौरिया परिवार द्वारा पोहा, पाटीदार समाज द्वारा पोहा, नया बाजार में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल द्वारा सब्जी-पूड़ी, गुर्जर मोहल्ले द्वारा हलवे का प्रसाद, इसके अतिरिक्त अन्य भंडारों की जानकारी आयोजन के दौरान सामने आएगी.

**समिति द्वारा व्यवस्थाओं की अपील...**

हिंदू उत्सव समिति मक्सी के पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षगण, विशेष आमंत्रित सदस्य, अखाड़ा समिति, सवारी प्रमुख, भजन मंडली एवं पालकी सज्जा प्रमुख से निवेदन किया गया है कि वे अमूल्य समय निकालकर इस ऐतिहासिक एवं गरिमामयी शाही सवारी में अपनी भूमिका निभाएं और व्यवस्था को सफल बनाएं.

# धार के कलाकार जमाएंगे शाही सवारी में रंग

**शुजालपुर, 17 अगस्त. शुजालपुर महाकाल शोभायात्रा सेवा समिति शुजालपुर मंडी द्वारा बाबा महाकाल की शाही सवारी 18 अगस्त सोमवार को संध्या 5 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकलेगी. महाकाल शोभायात्रा सेवा समिति वर्ष 1984 से शाही सवारी निकाल रही है.**

बाबा महाकाल शाही ठाठ-बाट के साथ प्रजा का हाल जानने के लिए निकलेंगे. शाही सवारी खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर रोकड़िया सरकार होते हुए, महात्मा गांधी मार्ग, जैन मंदिर रोड, एटीएम चौराहा होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी. अखाड़े के उस्तादों और भजन मंडलियों के प्रमुखों का सम्मान होगा तथा भोजन प्रसादी भी रखी गई है. सवारी में इस बार मुख्य आकर्षण का केंद्र धार के कलाकार रहेगे, जो कि दक्षिण भारत की तर्ज पर विभिन्न देवगणों के स्वरूप में शाही सवारी में शामिल होंगे. इसी प्रकार भगवान भोलेनाथ की टोली, आतिशबाजी, श्यामगढ़ के ढोल, भजन मंडली भी सवारी में रहेगी. इस शोभायात्रा को लेकर मंडी में विशेष तैयारियां की गई है और शोभायात्रा मार्ग को आकर्षक रूप से सजाया गया. इस शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक समितियों द्वारा अल्पाहार की स्टॉले भी लगाई जाती है.

## एक नजर में

## लघु उद्योग भारती द्वारा अमेरिका के उत्पादों के बहिष्कार का किया आव्हान

# टैरिफ के विरोध में अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का किया पुतला दहन

**शाजापुर, 17 अगस्त. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफलगाने एवं एक प्रतिशत आयात पेनल्टी लगाने के विरोध में लघु उद्योग भारती के तत्वाधान में स्थानीय बस स्टैंड पर अमेरिकी वस्तुओं का बहिष्कार एवं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे, सभी ने अमेरिकी सामान के बहिष्कार का संकल्प लिया.**






इस दौरान लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि भारतीय वस्तुओं पर प्रस्तावित अमेरिकी टैरिफ का देश की अर्थव्यवस्था पर प्रबंधनीय प्रभाव पड़ेगा, जिससे भारत के सकल घरेलु उत्पादन प्रभावित होंगें. इससे सबसे अधिक प्रभावित होने क्षेत्रों में इंजीनियरिंग उत्पाद, दवाईयां, गारमेन्ट, वस्त्र उद्योग, खाद बीज, रसायन, लोहा कोर इस्पात, मशीनरी उत्पादन, किसानों, पशुपालकों और मछुआरों सभी पर एवं प्रत्येक भारतीय नागरिक पर असर पड़ेगा.

**जागरूकता रैली निकाली**

कार्यक्रम के अंत में अमेरिकी वस्तुओं एवं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुतले का दहन किया एवं जागरूकता रैली निकाली गई. जिसमें दिनेश पांचाल, महेश पाटीदार, विष्णु पाटीदार, पवन गर्ग, असगर शब्बीर, हुसैन अली, शिवनारायण पाटीदार, रामकृष्ण पाटीदार, लोकेन्द्र नायक, ज्ञानसिंह गुर्जर, सतीश राठौर, महेश कुशवाह, उदयसिंह चंदेल, मुकेश दुबे, प्रशांत चौहान, धीरज पाटीदार, रामकृष्ण गोठी, नरेश गोठी, पवन कंठिया, गजेन्द्र सिंह तोमर, मनोहर विश्वकर्मा, दिनेश सौराष्ट्रीय, गोविंद नायक, शीतल भावसार, रखबचन्द्र जैन, अशोक पांचाल, मुकेश अग्रवाल, भूपेन्द्र नायक, दुष्यंत सोनी, मनोज गोलेछा, इन्द्रनारायण व्यास, धर्मेन्द्र ठाकुर एवं विभिन्न व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी, उद्योगपति एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन सुभाष मण्डलोई ने किया, आभार प्रदर्शन किशोर प्रजापत अध्यक्ष लघु उद्योग भारती शाजापुर ने किया.

### हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेंगे

उद्योग भारती प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा हमें स्वदेशी अपनाना है. राष्ट्र को मजबूत बनाना है. इस दौरान बताया गया कि भारत के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत की व्यापारिक कार्यवाही के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों, मछुआरों एवं उद्योग व्यापार के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा. मोदीजी ने कहा है कि हमारे लिए राष्ट्र हित सर्वोच्च प्राथमिकता है. कार्यक्रम को सर्वश्री शरद भण्डावत, राजेन्द्र रिणवा, मनोहर राय, मुकेश सक्सेना, आशीष नागर, किरण ठाकुर, जुगल नाहर, आनंद नागर, कपिल गुर्जर, गजेन्द्र सिकरवार बंटी, धर्मेन्द्र सेंगर डब्बू, राजाराम कटारिया, अनूप किरकिरे इत्यादि ने संबोधित किया एवं स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया.